## ब्रीफ न्यूज

### संदिग्ध परिस्थिति में युवक की हुई मौत पुलिस के पहुंचने से पहले दाह संस्कार



**बक्सर (रासासं):** बक्सर के बड़का गांव में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजनों ने दाह संस्कार कर दिया। पुलिस शव का पोस्टमॉर्टम नहीं करा पाई। मृतक के परिजनों ने करंट लगने से मौत की बात कही है। पुलिस ने मृतक के परिजनों से बातचीत की है। साक्ष्य के लिए पुलिस ने मृतक के परिजनों का वीडियो बनाया है। मौत के तुरंत बाद ही शव का दाह संस्कार कर दिए जाने से मामले को संदिग्ध माना जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार घटना सिकरौल थाना क्षेत्र के बड़का गांव की है। जहां के निवासी रामायण चौधरी के 28 वर्षीय बेटे इंदल कुमार की मौत संदिग्ध परिस्थिति में हो गई है। जिसका आनन-फानन में परिजनों ने दाह संस्कार कर दिया। जिसको लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की है। उसके बाद परिजनों से पूछताछ का वीडियो बनाया गया। परिजन करंट की चपेट में आने से मौत की बात कह रहे है। शव का पोस्टमॉर्टम कराना नहीं चाहते थे। वहीं, इस संबंध में जब सिकरौल थाना प्रभारी विरेंद्र प्रसाद से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि बड़का गांव में एक युवक की मौत की सूचना मिली थी। लेकिन, परिजन उसका दाह संस्कार कर चुके थे। पूछने पर लोगों ने बताया कि करंट से मौत हुई है। पोस्टमॉर्टम नहीं कराना था, इसलिए दाह संस्कार कर दिए थे।

### बदमाशों ने शख्स की पीठ में किया शूट 4 अपराधियों ने मारी गोली, हालत गंभीर



**बक्सर (रासासं):** बक्सर के मंझरिया गांव के पास बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक को गोली मारी और फरार हो गए। युवक गंभीर रूप से जख्मी है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में पहुंचाया। इसकी सूचना पर पुलिस भी तुरंत सदर अस्पताल पहुंची। युवक से पूछताछ कर घटना की जांच में जुट गई है। बताया गया कि गोली मारकर हत्या का प्रयास पूर्व के जमीन विवाद में किया गया है। औद्योगिक थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव के बिहारी शर्मा का पुत्र 35 साल के सुरेन्द्र शर्मा किसी काम से मंझरिया गांव गया था। शुक्रवार की देर शाम बाइक से गांव लौट रहा था। मंझरिया गांव के बाहर दो बाइक पर सवार चार अपराधी इसके लिए पहले से घात लगाए बैठे थे। जैसे ही सुरेंद्र मझरिया गांव के पास पहुंची अपराधियों ने गोली मारी और भाग निकले। गोली लगने से सुरेंद्र जख्मी हो कर सड़क पर गिर गया। राहगीरों ने इसकी सूचना औद्योगिक थाना पुलिस को दी, जिसके बाद युवक को सदर अस्पताल पहुंचाया। सदर अस्पताल के चिकित्सकों के मुताबिक गोली पीठ में लगी। अगर ग्रामीणों को बात करे तो यह घटना पहले से चला आ रहा जमीन विवाद में यह गोली चली है। औद्योगिक थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि जख्मी का इलाज चल रहा है। जख्मी से मिली जानकारी के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर प्रयास किया जा रहा है। सभी बिंदुओं पर पुलिस जांच की जा रही है।

### मोटेशन और रसीद नहीं कटने पर भू-पचार्धारियों का धरना-प्रदर्शन



**बक्सर (रासासं):** बक्सर के चौसा अंचल कार्यालय के सामने दर्जनों की संख्या में लोग धरने पर बैठ गए। जिसके हाथों में कई तख्तियां थी। जिसपर लिखा गया था की पचार्धारियों को हक दो,लगान रसीद निर्गत करो, भू हदबंदी जमीन सरकार की आदि विभिन्न प्रकार के स्लोगन लिखा गया था। इनकी मांग थी कि सरकार द्वारा भू हदबंदी के तहत खेती करने के लिए जो जमीन दी गई है। उसका ना मोटेशन हो पा रहा है और ना ही लगान रसीद कट रहा है। जिससे जमीन पर खेती करने में परेशानी हो रही है। कुछ लोगों द्वारा उस जमीन पर अवैध कब्जा जमा लिया गया है। जिसके कारण खेती नही कर पा रहे है। इसकी जानकारी देते हुए धरने पर बैठे सिकरौल निवासी मिथलेश कुमार द्वारा बताया गया की। 1973 में सरकार द्वारा भू हदबंदी के तहत जमीन का पर्चा हमे दिया गया। सरकार द्वारा ही 2017-18 में कब्जा भी दिलाया। लेकिन उक्त जमीन का अंचल कार्यालय से मोटेशन नहीं होने और ना ही लगाना रसीद काटा जा रहा है। जिसको लेकर अंचल कार्यालय का चक्कर काटा जा रहा है। जिसके कारण जमीन पर कुछ लोगों के द्वारा अवैध कब्जा जमाया गया है। जिससे उस जमीन पर हमलोग कृषि कार्य नहीं कर सकते है। हमारी मांग यहीं है की जो जमीन सरकार द्वारा हमे दिया गया है। उसका लगान रसीद काटा जाए। चौसा अंचल प्रभारी सीओ शोभा कुमारी से बात किया गया तो उन्होंने बताया की अंचल कार्यालय का प्रभार हमको शनिवार की शाम मिला है। चौसा बीडीओ अशोक कुमार द्वारा सभी समझा बुझाकर हटाया गया। लोगों की जो मांग है। लोगो ने जो मांग किया है उस पर आगे जांच कर कार्य किया जायेगा।

### पीजी नामांकन पात्रता परीक्षा का रिजल्ट जारी

**आरा (रासासं):** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने पीजी नामांकन पात्रता परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया हैं। यह पात्रता परीक्षा पीजी सेमेस्टर वन सत्र, 2024-26 में नामांकन के लिए लिया गया था। पात्रता परीक्षा में 8626 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं 4212 परीक्षार्थी अनु उत्तीर्ण हुए हैं। पहली बार नामांकन में पारदर्शिता लाने के लिए वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की तरफ से पीजी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा ली गई। 13 अगस्त को पात्रता परीक्षा हुई। 22 विषयों की परीक्षा में 12844 परीक्षार्थी शामिल हुए। सबसे ज्यादा आवेदन इतिहास विषय में नामांकन के लिए विश्वविद्यालय को प्राप्त हुए। छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ केके सिंह ने बताया कि इतिहास विषय में नामांकन के लिए 2256 आवेदन विश्वविद्यालय को प्राप्त हुए। इस विषय में 2067 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें 1094 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। दूसरी तरफ विश्वविद्यालय को प्राकृत विषय में सबसे कम आवेदन प्राप्त हुए है। विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्राकृत विषय में केवल 52 आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें 46 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। 38 अभ्यर्थी परीक्षा में सफल हुए। उन्होंने बताया कि 20 अगस्त को मेरिट लिस्ट जारी किया जाएगा। गौरतलब हो कि इस प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए 14049 परीक्षार्थी ने आवेदन किया है। भोजपुर जिले के 5575, रोहतास जिले के 4486, बक्सर जिले के 2376 और कैमूर जिले के 1612 अभ्यर्थियों ने वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत पीजी विभाग और अंगीभूत कॉलेजों में नामांकन के लिए आवेदन किया है।

# स्पीडी ट्रायल चलाकर दोषी को दी जाएगी सजा : प्रेम कुमार

## मंत्री ने कहा- बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार फेल

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**आरा:** भोजपुर के बड़हरा थाना क्षेत्र के बंधु छपरा में मारपीट का मामला सामने आया। इसमें एक पक्ष के जख्मी लोगों से मिलने के लिए शुक्रवार की देर रात प्रदेश के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री प्रेम कुमार आरा सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ममता बनर्जी की सरकार पर हमला बोला है।



अस्पताल में घायल और उनके परिजनों से मिलकर मंत्री ने पूरी घटना की जानकारी ली। इसके बाद उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है। मंत्री ने इस घटना को बहुत ही दुखद बताया है। साथ ही कहा है कि बिहार में कानून का राज है, किसी भी व्यक्ति को इजाजत नहीं है कि इस किसी पर जानलेवा हमला करे।

कांड में शामिल सभी दोषी पर प्राथमिकी होने के बाद जल्द उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। उसके बाद स्पीडी ट्रायल के जरिए कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। प्रेम कुमार ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर के साथ रेप कर उनकी हत्या कर दी गई। उच्च न्यायालय ने इस कांड में सीबीआई जांच का आदेश दिया है।

बंगाल में कानून का राज नहीं है, वहां जंगल राज है। जो डॉक्टर जनता की सेवा में लगे हुए हैं, उन्हें सुरक्षा देने का जिम्मा सरकार का होता है। पूरे देश में डॉक्टर हड़ताल पर है, उसे वह वापस ले।

हड़ताल से मरीज और आमजन काफी परेशान होंगे। इस कांड में जो भी आरोपित है, उसके खिलाफ उचित कार्रवाई होगी। माननीय उच्च न्यायालय ने संज्ञान लिया है, साथ ही मॉनिटरिंग की जा रही है। हड़ताल से अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके परिवार वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मंत्री ने कहा है कि डॉक्टर को न्याय मिलना चाहिए, उन्हें सुरक्षा मिलनी चाहिए। भारत सरकार और उच्च न्यायालय इस पूरे प्रकरण पर मॉनिटरिंग कर रही है। बंगाल में पूरी तरह से ममता की सरकार फेल नजर आ रही है। सरकार को स्वयं कार्रवाई करनी चाहिए थी। बंगाल की सरकार के असफल होने पर अंत में उच्च न्यायालय को सामने आना पड़ा। इससे दुर्भाग्य पूर्ण और क्या बात हो सकती है।

मोदी सरकार पीड़िता को न्याय दिला कर रहेगी। बता दें कि भाजपा से सासाराम के पूर्व लोकसभा प्रभारी हरेराम चंद्रवंशी के परिवार के साथ रास्ते के विवाद को लेकर मारपीट की गई थी।

मारपीट की इस घटना में बंधु छपरा गांव निवासी दसई राम के बेटे भोला राम (72), इनकी पत्नी लक्ष्मीना देवी(70), बेटा मुन्ना कुमार (45) और बेटा विकास कुमार (25) और बहू (विकास की पत्नी) ममता देवी (22) शामिल है। जबकि, दूसरे पक्ष के भी चार लोग जख्मी है। जिनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

# युवक को गोली मार विधायक के दरवाजे पर की फायरिंग

## वारदात के बाद भागे बाइक सवार दो बदमाश

राष्ट्रीय सागर संवाददाता



**आरा:** भोजपुर में शुक्रवार की रात बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी। युवक मोहल्ले में टहल रहा था। बुलेट उसके कमर में लगी है। निजी अस्पताल में उसे भर्ती कराया है। वारदात के बाद अपराधी फरार हो गए।

जख्मी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार गांव निवासी वीर नारायण सिंह के 38 वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार हैं। जो काली मंदिर से शुक्रवारी पूजा देखकर घर लौट रहे थे। मोहल्ले में वे अकेले पैदल चल रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार अपराधी फायरिंग करते हुए आए और गोली मार दी।

भागने से पहले अपराधियों ने पूर्व मंत्री सह भाजपा के बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के दरवाजे पर भी तीन राउंड फायरिंग की है। उस वक्त विधायक नहीं थे। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार गांव की है।

घायल अरविंद कुमार को आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना के बाद मुफस्सिल थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और जख्मी से घटना की पूरी जानकारी ली। अपराधियों ने युवक को गोली क्यों मारी, इसका अभी तक नहीं पता चला है।

जख्मी ने बताया कि वे जैसे ही गली में घुसे। मुझे पटाखे जैसी आवाज सुनाई दी। मैं गली के मोड़ पर गया तो एक बाइक पर दो बदमाश थे, जिन्होंने मुझे गोली मार दी। घायल अवस्था में मैंने अपने परिजनों को फोन किया। जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और मुझे अस्पताल में भर्ती कराया।

जख्मी का इलाज कर रहे सर्जन चिकित्सक डॉ. विकास ने बताया कि जख्मी को गोली कमर के बीचो-बीच लगी है। ऑपरेशन कर बुलेट निकाल दी गई है। डैमेज पार्ट्स को रिपेयर कर दिया गया है, लेकिन उसे अभी ऑब्जर्वेशन में रखा जाएगा।

# नदी में डूबकर नवविवाहिता की मौत



## दो घंटे बाद परिजनों को मिली लाश

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**आरा:** भोजपुर जिले के करनामेपुर थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव में तरकुल घाट स्थित नदी में शुक्रवार को नहाने के दौरान नवविवाहित की डूबकर मौत हो गई। मृतका करनामेपुर थाना क्षेत्र के कदम डेरा गांव निवासी बबलू यादव की 20 वर्षिय पत्नी नेहा देवी (कुमारी) है। इधर, मृतका के देवर धन्नु कुमार यादव ने बताया कि वह घर से नदी के किनारे नहाने के लिए गई थी।

करीब दो घंटे बीत जाने के बाद जब घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। खोजबीन के दौरान पता चला कि वह नदी किनारे नहाने गई थी और वापस नहीं आई है। जिसके बाद परिजन वहां पहुंचे तो देखा कि वह मृत अवस्था में नदी के किनारे पड़ी है।

ग्रामीणों के सहयोग से परिजनों ने शव को पानी से बाहर निकाला। पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। मृतका की शादी एक माह पहले ही हुई थी। वह अपने तीन भाई और तीन बहन में बड़ी थी। परिवार में मां रीना देवी, तीन भाई रोहित, बसु, अंकित और दो बहन प्रियंका व मीनू है।

# विवाद में बीच-बचाव के कारण गई तीनों की जान, एक साथ बरामद हुआ था मां-बेटों का शव

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**आरा:** भोजपुर में तीन दिनों से लापता शांति कुंवर (53), उसके बेटा सुधन चौधरी (31) और बुधन चौधरी (29) का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने दो आरोपियों शिव चरण चौधरी और शिव चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। दरअसल, पूरा मामला छत का छज्जा निकालने को लेकर बताया जा रहा है। दोनों के बीच करीब एक सप्ताह पहले विवाद हुआ था, जिसके बाद आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया है।

दरअसल गिरफ्तार आरोपियों के पिता भोला चौधरी के घर से शांति कुंवर की बड़ी गोतनी फूलवंती कुंवर से 12 अगस्त को विवाद हुआ था, भोला चौधरी और फूलवन्ती कुंवर का घर आमने-सामने है। भोला चौधरी का घर मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत बन रहा है, आरोप है कि भोला चौधरी गली में छज्जा निकाल रहा था। इसको लेकर भोला चौधरी और फूलवंती कुंवर के बीच विवाद हुआ। फूलवंती देवी के घर कोई नहीं था, जिसके बाद शांति



कुंवर का परिवार बीच-बचाव करने पहुंचा था। फूलवंती और शांति आपस में गोतनी हैं।फूलवंती का बेटा दूसरे राज्य में काम करता है। इसके बाद भोला चौधरी और उसके बेटों ने परिवार खत्म करने की धमकी दी थी।

घटना की जानकारी देते हुए पीरो ऊढ़ राहुल सिंह ने बताया कि घटना स्थल से तलवार, खून लगा हुआ लाठी बरामद हुआ है। तीनों का शव 20-20 मीटर की दूरी पर मिला है। 12 अगस्त को परिवार को धमकी मिली थी कि कल का सुबह नहीं देखने देंगे। उसके बाद 12 अगस्त की देर रात सुधन की हत्या की गई। 13 अगस्त की सुबह बुधन और शांती, सुधन को ढूंढने गए तो उन दोनों की भी हत्या कर दी गई। आरोपी भोला चौधरी पहले भी शराब मामले में जेल जा चुका है। वहीं जब तीनों का शव बरामद हुआ था तो पूरा गांव मौके पर पहुंचा, लेकिन भोला का परिवार शव देखने नहीं आया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम घर का छोटा बेटा सुधन शौच करने के लिए सोन नदी के किनारे गया था, कई घंटे बीत जाने के बाद जब सुधन वापस घर नहीं लौटा तो उसकी मां शांति कुंवर और उसका बड़ा बेटा बुधन दोनों, सुधन को ढूंढने के लिए गांव में निकले थे। काफी देर खोजबीन करने के बाद सुधन नहीं मिला। इसके बाद मां-बेटे घर आ गए। फिर मंगलवार की सुबह करीब चार बजे दोनों सुधन को फिर से ढूंढने निकले और इसके बाद दोनों वापस घर नहीं लौटे। वहीं गुरुवार को तीनों का शव घर से करीब एक किलोमीटर दूर सोन नदी किनारे मिला। बताया जा रहा है कि सुधन के शव के पास से उसका गमछा मिला था।

बुधन और सुधन चौधरी के हत्या के बाद घर में अब केवल दोनों की पत्नी, बच्चे बहन तेतरी कुंवर है। बुधन की पत्नी अनीता देवी ने कहा कि पति की मौत के बाद बच्चों का देखभाल कौन करेगा। जिला प्रशासन से अनुरोध करती हूं कि हमारी मदद करें और आरोपियों को फांसी की सजा हो। वहीं सुधन की पत्नी शिला देवी ने कहा कि मेरे पति, भइया (बुधन) और मां (शांति देवी) तीनों ही घर में कमाने वाले थे, अब घर में कोई कमाने वाला नहीं है। बच्चे छोटे-छोटे हैं, भरण-पोषण कैसे होगा। एक बहन भी है, उसकी शादी कैसे होगी।

ट्रिपल मर्डर के बाद पुलिस ने आवेदन के बाद एक घंटे के अंदर दो आरोपियों शिव चरण और शिव चौधरी को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं भोला चौधरी फरार है। दोनों परिवार बहुत गरीब हैं। घर भी मात्र एक कमरे का है। छज्जे को लेकर विवाद हुआ था। उस दौरान भोला चौधरी और शिव चौधरी गांव में था। वहीं शिव चरण चौधरी विवाद के दौरान नहीं था, वह लुधियाना में ऑटो चलाता है। विवाद के बाद वह अपने गांव नूरपुर आया था। इसके बाद दोनों भाइयों ने मिलकर घटना को अंजाम दिया। आरोपियों के घर में शिव चरण चौधरी की पत्नी मंजू देवी, दो बेटे, दो बेटियां हैं और शिव चौधरी की पत्नी पूल कुमारी देवी और उनकी दो बेटी है। शिव चौधरी घर का बड़ा बेटा है। शिव चौधरी की पत्नी के नाम पर ही मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत घर बन रहा था। इसी घर को बनाने में विवाद हुआ था।

# किसानों को ड्रैगन फ्रुट की खेती का मिला प्रशिक्षण

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**बक्सर:** बक्सर से 40 किसानों के एक टीम को बिहिया ड्रैगन फ्रुट की खेती सीखने के लिए भेजा गया है। जिला कृषि पदाधिकारी-सह-आत्मा के निदेशक अविनाश शंकर एवं अनुमंडल कृषि पदाधिकारी शेखर किशोर ने हरी झंडी दिखा रवाना किया है। जिला कृषि पदाधिकारी अविनाश शंकर ने बताया कि राज्य के अंदर परिभ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत जिले के किसानों को बिहिया प्रखंड स्थित यादवपुर ग्राम में जितेंद्र सिंह के क्षेत्र पर भेजा गया है।जहां ड्रैगन फ्रुट की खेती से जिले के किसान रूबरू होंगे और इसकी खेती के आधुनिक तकनीक से अवगत होंगे। कहा कि किसान इस दौरान ड्रैगन फ्रुट की खेती को सीखकर अपने क्षेत्र पर इसका उत्पादन शुरू करते हुए अपने आस-पास के कृषकों को जागरूक करेंगे। तभी इस परिभ्रमण का उद्देश्य पूर्ण होगा। ड्रैगन फ्रुट्स का पौधा नागफनी प्रजाति का है। ड्रैगन फ्रुट्स गुलाबी रंग का रसीला मीठा फल है, परंतु इसका रंग किस्म के आधार पर होती है। ड्रैगन फ्रुट की खेती मुख्य रुप से श्रीलंका, वियतनाम, मलेशिया, अमेरिका जैसे देशों में होती है, परंतु अब इसे भारत देश के कई जगहों में भी उगाया जाने लगा है। जिसका प्रमुख कारण आकर्षक मूल्य पर बिक्री होना तथा कम वर्षा वाले स्थानों पर अच्छा पैदावार होना है। इसके लिए 20 से 30 डिग्री सेल्सियस तापमान उपयुक्त रहता है। इसके पौधे एक वर्ष में ही फल देने लगते हैं। इस पौधे में मई-जून माह में फूल आ जाते हैं तथा अगस्त से दिसंबर तक फल आ जाते हैं। ड्रैगन फ्रुट में प्राकृतिक एन्टीआक्सीडेंट होते हैं और इसके साथ-साथ एस्कॉर्बिक एसीड, फ्लेवोनोइड, फेनोलिक एसीड, फाइबर कैल्शियम के साथ-साथ कई सारे पौषक तत्व होता है।

# 15 अगस्त को हुई मारपीट मामले में 12 पर एफआईआर

## बक्सर में 3 गिरफ्तार, लड्डू को लेकर हुआ था विवाद

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**बक्सर:** बक्सर जिले के मुरार थाना क्षेत्र स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय मुरार में 15 अगस्त के दिन शिक्षक और गांव के असामाजिक तत्वों के बीच मारपीट के मामले में शिक्षक पंकज कुमार द्वारा कुल 12 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया गया।

मुरार थाना पुलिस द्वारा तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की तैयारी चल रही है। मामले को लेकर बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस के दिन स्कूल के बाहर के लोग और शिक्षक के बीच मारपीट हो गई थी। जिसके बाद से ही पुलिस मामले को जांच में जुटी हुई है।

यह घटना 15 अगस्त से ही काफी चर्चा में है क्योंकि इसको लेकर विद्यालय के शिक्षक और छात्र के बीच जलेबी के लिए मारपीट हुई है। हालांकि मामले की जांच पड़ताल करने के बाद हकीकत कुछ और ही सामने आया है।

विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुशील कुमार द्वारा बताया कि 15 अगस्त को झंडोत्तोलन हुआ। छात्रों को कार्यक्रम के बाद मिठाई देकर भेज दिया गया था। जहां कुछ बाहरी लोग भी खड़े थे, जिसको शिक्षक मिठाई देने लगे। तभी कुछ बाहरी लोगो द्वारा मिठाई छीना गया। जिसकी वजह से तीन चार किलो लड्डू का जो पैकेट था




वह नीचे गिर बिखर गया। जिसके बाद शिक्षक पंकज कुमार और बाहरी लोगों के बीच हाथापाई शुरू हुई। उसके बाद जब विद्यालय बंद कर के घर जा रहे थे तो हाथ में डंडा लिए पांच छह लोग रास्ते में घेर मारपीट करने लगे।

इस घटना के बाद 15 अगस्त को शिक्षक एफआईआर करने पहुंचे, लेकिन उस दिन एफआईआर नहीं हुआ। 16 अगस्त को मीटिंग के बाद शिक्षकों ने शाम में मुरार थाना में 12 गांव के असामाजिक तत्वों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए शनिवार को कुल तीन लोगो को गिरफ्तार कर आगे की करवाई में जुटी हुई है। तीनो गिरफ्तार युवक बंजरिया गांव के निवास है।

**अलीपुरद्वार मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग के ठेके**

अलीपुरद्वार मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग का ठेका के लिए ई-नीलामी कैटलॉग। विवरण नीचे दिये गये है। **नीलामी सूची सं.:** सी-एपी-पार्किंग-29। **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय (सभी लॉट): 28-08-2024 को 10:00 बजे। नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय: 28-08-2024 को 12:10 बजे। दर इकाई:** वार्षिक लाइसेंस शुल्क। **फेरे/दिन:** 1095।

| क्र. सं. | लॉट नं./कटेगरी | स्टेशनों |
|---|---|---|
| एए/1 | पार्किंग-एपीडीजे-एनओक्यू-टीडब्ल्यू-6-23-1 (पार्किंग-टू व्हीलर) | न्यू अलीपुरद्वार रेलवे स्टेशन के परिचलन क्षेत्र में |
| एए/2 | पार्किंग-एपीडीजे-एपीडीजे-टीडब्ल्यू-21-23-2 (पार्किंग-टू व्हीलर) | अलीपुरद्वार जंक्शन पर एमएफसी कार्यालय के सामने |
| एबी/1 | पार्किंग-एपीडीजे-बीएक्सटी-एमएक्स-15-23-1 (पार्किंग-मिक्स्ड) | बामनहाट (बीएक्सटी) रेलवे स्टेशन पर |
| एबी/2 | पार्किंग-एपीडीजे-एपीडीजे-एमएक्स-22-23-4 (पार्किंग-मिक्स्ड) | अलीपुरद्वार जंक्शन पर |
| एबी/3 | पार्किंग-एपीडीजे-सीबीडी-एमएक्स-36-23-1 (पार्किंग-मिक्स्ड) | चांगराबान्धा रेलवे स्टेशन पर |
| एबी/4 | पार्किंग-एपीडीजे-सीओबी-एमएक्स-16-23-2 (पार्किंग-मिक्स्ड) | कूचबिहार रेलवे स्टेशन पर |
| एबी/5 | पार्किंग-एपीडीजे-बीएनक्यू-एमएक्स-4-23-1 (पार्किंग-मिक्स्ड) | अलीपुरद्वार मंडल के बानरहाट रेलवे स्टेशन पर |
| एबी/6 | पार्किंग-एपीडीजे-डीक्यूजी-एमएक्स-5-23-2 (पार्किंग-मिक्स्ड) | धूपगुड़ी रेलवे स्टेशन पर |
| एबी/7 | पार्किंग-एपीडीजे-डीएचएच-एमएक्स-24-24-1 (पार्किंग-मिक्स्ड) | दिनहाटा (डीएचएच) रेलवे स्टेशन पर |
| एबी/8 | पार्किंग-एपीडीजे-बीएनवी-एमएक्स-38-23-1 (पार्किंग-मिक्स्ड) | बिन्नागुड़ी रेलवे स्टेशन पर |
| एबी/9 | पार्किंग-एपीडीजे-केएएमजी-एमएक्स-12-23-1 (पार्किंग-मिक्स्ड) | कामाख्यागुड़ी रेलवे स्टेशन पर |

उपोरक्त नीलामी सूचना को ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के अंतर्गत वेबसाइट www.ireps.gov.in में पहले ही अपलोड किया गया है।

मंडल रेलवे प्रबंधक (सी), अलीपुरद्वार जं.

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**मालीगॉव में एसएंडटी कार्य**

**ई-निविदा सूचना संख्या. 05 of 2024-25।** नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **ई-निविदा संख्या. N-2024-25-05-Dy. CSTE-NW कार्य का नाम:** मालीगॉवस्थित पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य कार्यालय पर पीसीएससी का कॉनफ्रेंस हॉल के निर्माण से संबंधित एसएंडटी कार्य। **निविदा राशि:** ₹21,84,440/-। **धरोहर राशि:** ₹43,700/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 05-09-2024** तारीख के **15.00** बजे में एवं खुलेगी: **05-09-2024** तारीख के **15.30** बजे में। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्र-पत्र के साथ संपूर्ण विवरण **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

**वरिष्ठ सिगनल एंड टेलिकॉम इंजीनियर/ नेटवॉर्क, मालीगॉव**

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

**शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड.**

पंजीकृत कार्यालय: 501, साल्कॉन ऑरम, जसोला जिला केंद्र, नई दिल्ली – 110025
सीआईएन : U65900DL2020PLC366027

**नीलामी सूचना**

शिविलक स्माल फाइनेंस बैंक एल के निम्नलिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा बैंक से लिए गए गोल्ड लोन के बावजूद उनके द्वारा भुगतान नही किया गया है। बैंक द्वारा जारी किए गए व्यक्तिगत नोटिस सहित विभिन्न मांगें और सूचनाएं। अल बोर्तोवे एहरसेंब ने आपको सूचित किया है कि उसे गोल्ड अमामेंट्स के लिए तय किया गया है बैंक के पास सुरक्षा रखी गई थी और तदनुसार **28.08.2024** को नीलामी की तारीख तय की गई थी और **दोपहर 03:00** बजे शाखा परिसर से यहां लोन का लाभ उठाया गया था। सभी कर्जदारों, खाताधारकों और पब्लिक कैटलार्ग सहित, नीलामी की शर्तों में भाग ले सकते हैं।

| शाखा | खाता नंबर | खाता धारक का नाम | पिता/पति/पत्नी का नाम | पता | खाता खुलने की तिथि | भुगतान करें |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इंदिरा पुरम | 101942517093 | रितेश के पांडे | पुत्र जय प्रकाश पांडे | कचैनिया बक्सर बिहार 802126 | 20/02/2024 | 399700.08 |

**नीलामी तिथि 28.08.2024 @03:00 बजे है।**

बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड।